दिनांक: 22.12.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रोजगार मेले में 71 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे–प्रदेश में अजमेर और जोधपुर में भी ये मेले आयोजित होंगे।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा–रामगढ़ अभ्यारण्य में चीतों को बसाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।
- चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने चिकित्सा सेवाओं की मजबूती के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया–कहा–संसाधनों में कोई कमी नहीं रखी जाएगी।
- राज्य में दो पश्चिमी विक्षोभों के असर से आगामी दिनों में कई स्थानों पर मावठ के आसार।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से 71 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री लोगों को संबोधित भी करेंगे। ये मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इधर प्रदेश में अजमेर और जोधपुर में रोजगार मेले लगाये जाएंगे। जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल सीमांत मुख्यालय में आयोजित मेले में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत 200 चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इनमें बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ असम राइफल्स, रेलवे, डाक विभाग सहित विभिन्न सरकारी संस्थाओं में नौकरियों के नियुक्ति पत्र शामिल हैं।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में विजय रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढाने का प्रभावी माध्यम है बल्कि वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और उनकी गौरव गाथा को साझा करने का अनूठा प्रयास भी है। श्री बिरला ने आज ही कोटा स्थित कार्यालय में जनसुनवाई भी की। उन्होंने अधिकारियों को इस दौरान मिली समस्याओं के तुरंत निपटारे के निर्देश दिये। श्री बिरला ने अधिकारियों को कहा कि

ग्रामीण अंचल के नागरिकों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से नियमित जनसुनवाई की जाए। इससे लोगों को जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं पडेगी। श्री बिरला ने इस दौरान पत्रकारों से भी बातचीत की। उन्होंने बताया कि रामगढ़ अभ्यारण्य में चीतों को बसाने के लिए सरकारी स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं।

............

000

सवाईमाधोपुर के रणथंभौर दुर्ग में पिछले तीन दिन से बाघिन और शावकों का मूवमेंट होने के कारण आज दुर्ग और त्रिनेत्र गणेश मंदिर जाने वाले लोगों का प्रवेश रोक दिया गया है। वन विभाग की ओर से दुर्गक्षेत्र में वन कर्मियों को ट्रेकिंग के लिए लगाया गया है। गौरतलब है कि बाघिन टी–84 एरोहेड और उसके शावक 20 दिसम्बर की शाम पहली बार दुर्ग क्षेत्र में देखे गये थे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इनका मूवमेंट पद्मला तालाब, लक्ष्मी नारायण मंदिर और 32 खंभों की छतरी के आस–पास देखा गया।

000

चित्तौड़गढ़ में मीराबाई की जयंती के अवसर पर मीरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कल देर शाम से शुरू हुए इस तीन दिवसीय महोत्सव के तहत कई रंगारंग कार्यक्रम हो रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज विभिन्न अंचलों के लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

............

गौरतलब है कि केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कल मीरा महोत्सव का शुभारंभ किया था। चित्तौड़गढ़ किले के फतेह प्रकाश महल में आयोजित उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री ने मीरा बाई के त्याग और बलिदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने मीरा बाई पर प्रकाशित एक पुस्तक का विमोचन भी किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ आमजन मौजूद रहे।

उधर, पाली में चल रहे राणकपुर महोत्सव का आज समापन होने जा रहा है। आज दूसरे और अंतिम दिन जीप सफारी, मूंछ प्रतियोगिता, घोड़ा दौड़, रस्साकसी, मिस्टर और मिसेज गोड़वाड़ सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

000

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं की मजबूती के लिए संसाधनों में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवाओं में सुधार को लेकर राज्य सरकार लगातार

प्रयासरत है। श्री खींवसर ने आज अपनी जैसलमेर यात्रा के दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि विभाग में अब तक करीब 18 हजार भर्तियां हो चुकी है और जल्द ही चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की भर्तियां की जाएंगी। जैसलमेर, बाड़मेर, जालौर, बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिलों को विशेष दर्जा देकर चिकित्सा सेवाएं सुलभ करवाई जाएंगी।

.............

चिकित्सा मंत्री ने जैसलमेर के जवाहिर अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने कहा कि जैसलमेर जिले में एएनएम के खाली पदों को जल्दी भरा जाएगा। श्री खींवसर ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य अधिकारियों के खाली पदों पर भी जल्दी ही पदस्थापन किया जाएगा।

000

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण तीन दिन के जैसलमेर प्रवास के बाद आज दिल्ली के लिए रवाना हुईं। आज तीसरे दिन उन्होंने जैसलमेर के सोनार दुर्ग का भ्रमण किया। उन्होंने दुर्ग की सुंदरता और कलात्मकता की तारीफ की। श्रीमती सीतारमण ने पैदल भ्रमण कर आमजन और सैलानियों से भी बातचीत की। इस दौरान चिकित्सा मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर और विधायक छोटूसिंह भाटी भी मौजूद रहे।

इससे पहले, श्रीमती सीतारमण ने शक्तिपीठ तनोट माता के दर्शन कर देश में खुशहाली की कामना की। उन्होंने तनोट परिसर में लगाई गई ऑडियो विजुअल और हथियार प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने विजय स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि श्रीमती सीतारमण ने जैसलमेर में राज्यों के वित्तमंत्रियों के साथ शुक्रवार को प्री बजट बैठक की थी। वहीं शनिवार को जीएसटी काउन्सिल की बैठक की अध्यक्षता की थी।

000

प्रदेश में आगामी दिनों में एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभों के सक्रिय होने की संभावना है। इनके असर से कई स्थानों पर मावठ के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ अगले 24 घंटों में ही सक्रिय होगा। वहीं दूसरा सिस्टम 26–27 दिसम्बर को प्रभावी रहने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि इसके बाद न्यूनतम तापमान में कमी आने की भी संभावना है।

..............

इस बीच, राज्य में पिछले 24 घंटों में सबसे कम साढे 4 डिग्री सेल्सियस तापमान करौली में दर्ज किया गया। संगरिया में 5 दशमलव 3 डिग्री, फतेहपुर में 5 दशमलव 4, चूरू और अलवर में 6–6, श्रीगंगानगर में 7, धौलपुर में 7 दशमलव 5, अंता में 7 दशमलव 8 और राजधानी जयपुर में 12 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

000

इस साल को अलविदा कहने में अब कुछ ही दिन बाकी रह गये हैं। ऐसे में सर्दी की छुटिट्यां बिताने क्रिसमस पर्व मनाने और नए साल का स्वागत करने के लिए इन दिनों प्रदेश के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलज़ार हैं। राजधानी जयपुर, सिरोही, जैसलमेर, सवाईमाधोपुर और उदयपुर सहित प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर देशी और विदेशी पर्यटकों की खासी चहल–पहल देखी जा रही है। उदयपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि पर्यटकों की सुविधाओं के लिए प्रशासन ने आवश्यक इंतजाम किये हैं।

.................

000

बाड़मेर ज़िले में आगामी 26 दिसम्बर से दृष्टि बाधित खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। नीम्बला ग्राम पंचायत स्थित सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय में होने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न ज़िलों के 320 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...................

000